तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



04 सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के अनुभव से मजबूत...





04 बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण




## खबर संक्षेप



### नपा के व्यापारियों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

**भाटापारा।** नगर पालिका में अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों के तहत बैठक हुई, जिसमें सैकड़ों फुटकर व्यापारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, जनभागीदारी को बढ़ावा देना तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में भाटापारा को उत्कृष्ट स्थान दिलाने सभी हितधारकों को सक्रिय रूप से जोड़ना रहा। बैठक में सभी उपस्थित व्यापारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गई।

### लापता बालक की तलाशी में जुटी पुलिस

**भाटापारा।** शहर से एक 14 वर्षीय बालक तेजस्व देसलहरा पिता कांति लाल देसलहरा के लापता होने का मामला सामने आया है। उसके लापता की गुमशुदगी की रिपोर्ट शहर थाना में दर्ज करायी गई है। टीआई अमित पाटले ने बताया की गुमशुदा बालक का परिवार



कृष्णा सिटी में रहता है। परिजनों द्वारा बताया गया कि तेजस्व सुबह घर से निकला था, लेकिन काफी समय तक घर वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोगों को चिंता हुई और आसपास पतासाजी करने के बाद बालक नहीं मिला। इसके बाद इस आशय की जानकारी शहर थाना को दी। शहर पुलिया लापता हुए बालक की पतासाजी कर रही है। आसपास के थाना क्षेत्रों को इसकी सूचना दी गई है व आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी तेजस्व दिखाई दे या उसके बारे में कोई जानकारी मिले तो तत्काल शहर थाना भाटापारा को सूचित करें।

### नारी शक्ति अधिनियम का विरोध कांग्रेस की नाकारात्मक मानसिकता

**हथबंद।** शिवसेना के प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को लेकर हुए हालिया घटनाक्रम पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया है।उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और इंडिया गठबंधन द्वारा इस महत्वपूर्ण



विधेयक का विरोध करना महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति उनकी संकीर्ण और नकारात्मक मानसिकता को उजागर करता है, जिसकी शिवसेना कड़ी निंदा करती है। श्री निषाद ने कहा कि शिवसेना छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आव्हान पर शिवसेना पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है।महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़े ऐसे कानूनों का समर्थन हर दल को करना चाहिए तथा इस मुद्दे पर राजनीति करना उचित नहीं है।

### जगणना के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुरू

**खरोरा।** जनगणना 2027 का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 18 से 20 अप्रैल तक भरत देवांगन उत्तर माध्यमिक विद्यालय में शुरू हुआ, जिसमें प्रथम चरण में प्रगणकएवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण प्रथम दिवस 18 अप्रैल को मास्टर ट्रेनर अरविंद क्रिकेटर एवं रजनी त्रिपाठी ने जनगणना के प्रथम चरण में जनगणना भवन एवं मकान सूचीकरण के संबंध में बताया कि यह एक राष्ट्रियव्यापी अभ्यास पूरी एचएल की तरह डिजिटल होगा, जिसमें मकान सूचीकरण हैलो कार्य चलेगा। इसमें मकान सूचीकरण मकान की स्थिति मकान संख्या शेष पेज 4 पर

# पुलिस ड्राई कैंटीन के नवीन भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में पुलिसिंग के साथ-साथ अधोसंरचना विकास के कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 18 अप्रैल को पुलिस पेट्रोल पंप के समीप नवनिर्मित पुलिस ड्राई कैंटीन के भवन का उद्घाटन किया गया। दोपहर 12.30 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव और योगेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने रिबन काटकर और पूजा-अर्चना कर नए भवन को जनता और पुलिस परिवार के लिए समर्पित किया।

## अब पुलिस परिवारों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं





### पुलिस कल्याण की दिशा में बड़ा कदम

उद्घाटन के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने स्वयं सामान खरीदकर दरों और गुणवत्ता की जांच की। इस कैंटीन के माध्यम से पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों को उचित एवं सस्ती दरों पर दैनिक उपयोग की वस्तुएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने पुलिस प्रशासन के इस नवाचार की सराहना की।



### मात्र 3 महीने में तैयार हुआ आधुनिक भवन

उल्लेखनीय है कि जिले में पुलिस ड्राई कैंटीन की शुरुआत 26 मार्च को हुई थी। अब तक यह पुलिस लाइन स्थित एक पुराने और छोटे भवन में संचालित हो रही थी, जहां सामान रखने और वितरण में काफी असुविधा होती थी। भवन की मुख्य विशेषताएं यह है कि पुलिस पेट्रोल पंप के ठीक बगल में स्थित। रिकॉर्ड 3 महीने के भीतर कार्य पूर्ण। पुराने भवन की तुलना में अधिक बड़ा और व्यवस्थित परिसर।

## कार्रवाई : चिखली और कुरूद रेत खदान से तड़के 3 बजे किया जा रहा था रेत का अवैध उत्खनन

# खनिज विभाग ने पकड़ी 4 पोकलेन मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैसा

आरंग और मंदिर हसौद क्षेत्र में रेत के अवैध कारोबार की मिल रही लगातार शिकायतों के बाद खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। खनिज कलेक्टर राजेश माल्वे के निर्देश पर खनिज इंस्पेक्टर श्री भार्गव और उनकी टीम ने आज तड़के करीब 3 बजे छापेमारी की। इस दौरान नियमों को ताक पर रखकर रेत निकाल रही 4 चैन माउंटेन (पोकलेन) मशीनों को जब्त कर सील कर दिया गया।

खनिज विभाग की टीम ने ग्राम चिखली रेत खदान से 2 और ग्राम कुरूद रेत खदान से 2 पोकलेन मशीनें पकड़ीं। जांच में यह पाया गया कि खदान संचालक न केवल स्वीकृत सीमा क्षेत्र के बाहर उत्खनन कर रहे थे, बल्कि प्रतिबंधित रात्रिकालीन समय में भी भारी मशीनों का उपयोग किया जा रहा था। प्रशासन ने मौके पर ही अवैध उत्खनन को बंद कराकर मशीनों को सीलबंद कर दिया।

यह पूरी कार्रवाई पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं आम आदमी पार्टी के नेता परमानंद जांगड़े द्वारा की गई शिकायतों के आधार पर हुई है। उनकी शिकायतों में कई गंभीर मुद्दे उठाए गए थे, जो जांच में सही पाए गए, जिसमें प्रतिबंधित रात्रिकालीन उत्खनन, स्वीकृत सीमा से बाहर जाकर खनन करना, बिना रॉयल्टी के रेत का अवैध भंडारण और अवैध वसूली की शिकायतें।





### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

जिले में अवैध उत्खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रेत खदानों का अब पुनः सीमांकन कराया जाएगा और नियमित निरीक्षण के लिए विशेष टीम तैनात की जाएगी। संलिप्त पक्षों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

**-राजेश माल्वे,** (खनिज कलेक्टर)

### सकारात्मक पहल का स्वागत

हम प्रशासन की इस सकारात्मक पहल का स्वागत करते हैं। उम्मीद है कि भविष्य में भी नियमों के अनुरूप निष्पक्ष कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि अवैध उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण बना रहे।

**-परमानंद जांगड़े** (शिकायतकर्ता)

### पट्टा निरस्तीकरण की चेतावनी

खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि संबंधित पट्टेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी और खदानों के सीमांकन के बाद यदि फिर से उल्लंघन पाया गया, तो पट्टे निरस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है।

## रेत का अवैध परिवहन करते चार ट्रैक्टर जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

**लवन।** जिला पुलिस द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 18 अप्रैलको लवन पुलिस ने तुरमा घाट से अवैध रेत निकालकर परिवहन कर रहे 4 ट्रैक्टरों को पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ ट्रैक्टर चालक तुरमा घाट से अवैध रूप से रेत का



उत्खनन कर परिवहन कर रहे हैं। सूचना मिलते ही लवन पुलिस सक्रिय हुई और लवन मेन रोड पर घेराबंदी की गई। इस दौरान संदेह के आधार पर 4 ट्रैक्टरों को रुकवाया गया। चालकों से पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि वे अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर रहे थे। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों 20 वर्षीय इशू चेलक ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 22 एई 7868, दूसरा 18 वर्षीय गजेन्द्र धृतलहरे दोनों आरोपी निवासी ग्राम दतान ख थाना लवन ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 22 टी 0587, तीसरा संकेत कुमार साहू 22 वर्ष निवासी ग्राम भरसेला, थाना सिटी कोतवाली, ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 22 एडी 3211 तथा चौथा आरोपी 26 वर्षीय नंद कुमार पटेल निवासी ग्राम अमलडीहा, थाना लवन ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 22 एएफ 9545 शामिल हैं।क्षेत्र में इस कार्रवाई से अवैध रेत का कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस प्रशासन ने साफ संकेत दिए हैं कि प्राकृतिक संसाधनों की चोरी और अवैध परिवहन करने वालों पर कानून का डंडा इसी तरह चलता रहेगा।

### न्यायालय में पेशी के बाद जेल

मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2), 3(5) के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने रेत से भरे हुए 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया है और सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

## मारपीट के आरोप में युवक गिरफ्तार



**भाटापारा।** ग्राम परसवानी में अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी मालिक राम यादव निवासी ग्राम परसवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम में आरोपी एवं प्रार्थी के घर के आने जाने का रास्ता एक ही है, जिसमें आरोपी के पिता द्वारा अपने घर में मोटरसाइकिल चढ़ाने के लिए एक रेक बनाया है, कि 7 अप्रैल को प्रार्थी के पुत्र द्वारा काम से आते समय उस रेक पर ट्रैक्टर का चक्का चढ़ा दिया। इसी बात को लेकर शाम 6 बजे आरोपी एवं उसके परिवार वालों द्वारा प्रार्थी एवं उसके परिवारजनों का रास्ता रोककर अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। रिपोर्ट पर धारा 127 (1), 296, 115(2), 351(2), 109, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ग्रामीण पुलिस ने जांच एवं विवेचना कार्रवाई करते शेष पेज 4 पर

# 16 पौवा शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

ग्राम पंचायत चंदियापथरा चोरहानवागांव के ग्रामीणों ने 17 अप्रैल को थाना पहुंचकर ग्राम में खुलेआम अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले की नामजद शिकायत करते हुए पत्र सौंपा। शिकायत पत्र में ग्रामीणों ने दशार्या है कि हीरालाल साहू मुरारीलाल के काम्प्लेक्स में दुकान किराए पर लेकर बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है, जिसके चलते हमारे तथा आस पास के ग्रामों का माहौल दिन प्रतिदिन खराब होता जा रहा है। अवैध रूप से शराब बिक्री का विरोध करने पर वह साफ साफ बोलता है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है ।

नेता अधिकारी सभी को पैसा दिया जाता है। कहकर जो करना है कर लो की बात बोलता है। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जिस पर कार्यवाही होना अत्यंत आवश्यक है।




### आरोपी रंगे हाथों गिरफ्तार

शिकायत पत्र पर थाना सिमगा पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे छम्मन साहू के होटल दुकान में छापामारा पुलिस को देखते ही शराब खरीदने वाले भाग गये तथा बिक्री करने वाले को रंगे हाथों पकड़ा, जिसको नाम पता पुछने पर अपना नाम छम्मनलाल साहू पिता चैतुराम साहू 26 वर्ष चंदियापथरा का रहने वाला बताया। उसके दुकान की जांच करने पर काउंटर के नीचे एक सफेद रंग की बोरी में रोमियो देशी मदिरा मसाला 16 नग रखें मिला, जिसे आबकारी एक्ट 34 (1) ब के तहत कार्रवाई की गई।

# राशन दुकान संचालक की मनमानी से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

- सरपंच सहित ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

विकासखंड सिमगा के अंतर्गत आने वाले ग्राम चंदिया पथरा में उचित मूल्य दुकान के संचालक की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। राशन वितरण में अनियमितता और पंचायत भवन पर अवैध कब्जे की शिकायतों को लेकर सरपंच और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

ग्राम चंदिया पथरा के सरपंच मेघनाथ लहरे सहित अन्य ग्रामीणों ने जिलाधीश के नाम एसडीएम सिमगा अतुल शेटे को लिखित शिकायत सौंपी है। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन दुकान संचालक लोकनाथ साहू द्वारा हितग्राहियों को नियमित रूप शेष पेज 4 पर

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

ग्रामीणों की शिकायत उन्हें प्राप्त हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच टीम भेजी जाएगी और यदि शिकायत सही पाई जाती है, तो संचालक के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**- श्री वर्मा,** खाद्य विभाग के अधिकारी

# भाजयुमो की नई जिला कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- प्रणम्य पांडे को मिला अध्यक्ष का दायित्व, उपाध्यक्ष करण वर्मा बने

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय के अनुमोदन तथा जिला भाजपा के शीर्ष नेतृत्व मंत्री टंक राम वर्मा, बृजमोहन अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, शिवरतन शर्मा, कमलेश जांगड़े, लक्ष्मी वर्मा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव की सहमति से भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा एवं जिला भाजयुमो अध्यक्ष प्रणम्य पांडे द्वारा पदाधिकारियों की सूची जारी की गई।

घोषित कार्यकारिणी में अध्यक्ष के रूप में प्रणम्य पांडे को दायित्व सौंपा गया है। उपाध्यक्ष पद पर करण वर्मा, लोकेश यदु, नूरपति नायक, वासु ठाकुर, विकास अग्रवाल, लोकनाथ जायसवाल, सुरेंद्र डागौर को जिम्मेदारी दी गई है।

महामंत्री के रूप में प्रशांत यादव, सतीश सोनी नियुक्त किए गए हैं, जबकि मंत्री पद पर नीलकंठ साहू, दीपक वर्मा, गगन शर्मा, वेदांत रजक, धर्मेंद्र चंद्राकर, आयुष शर्मा, कौशल साहू को स्थान मिला है।कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल एवं सह-कोषाध्यक्ष दरवेश बलानी, दुर्गेश साहू बनाए गए हैं।

कार्यालय प्रभारी देवेन्द्र तथा सह कार्यालय प्रभारी टिकेश वर्मा को नियुक्त किया गया है।प्रचार-प्रसार प्रमुख के रूप में सतीश साहू तथा सह प्रमुख लक्की कन्नौजे, तेजनाथ पटेल को जिम्मेदारी दी गई है।प्रशिक्षण प्रमुख शेष पेज 4 पर

### ये हुए मंडल अध्यक्षों में शामिल

भाटापारा शहर पियूष साहू, भाटापारा ग्रामीण जीवन वर्मा, कौशलपुर रोशन साहू, निपानिया तरुण साहू, हथबंद निकेश देवांगन, सिमगा प्रशांत देवांगन, सुहेला कुलदीप वर्मा, बलौदाबाजार शहर तरुण वर्मा, बलौदाबाजार ग्रामीण मोहन साहू, लाहौद रामकृपाल वर्मा, लवन डेविड प्रजापति, पलारी प्रमोद देवांगन, सन्डी हिमांशु वर्मा, कसडोल सन्नी (सनातन) यादव, रोहांसी लखन यादव, कटगी राजेंद्र साहू, बया थबिर पंडा, टुंडरा संजय देवांगन को जिम्मेदारी दी गई है। जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विरेन साहू, योगेश वर्मा, प्रणव अवस्थी, हरीश विश्वकर्मा, टिक्की वर्मा, कमलेश साहू, विजय गोयल, दिनेश वर्मा, दीपक साहू, समारू कैवर्त्य, राकेश साहू, आशीष वर्मा, रामेश्वर वर्मा, शिव कुमार साहू, रोशन साहू, विजय राजपूत, ओम प्रकाश वर्मा, राहुल चंद्राकर, ओमप्रकाश घृतलहरे, मनीष साहू, रितेश श्रीवास्तव, अंकुर बघमार, अभिषेक अवस्थी, राकेश साहू, विमल साहू, पदुम साहू, सूरज साहू, उदित नारायण साहू, हेमंत साहू, सूजे लाल साहू, मनीष महिलांगे, पृथ्वी साहू, रामचंद्र वस्त्रकार, संतोष मांझी, भावेश साहू, लेखराम यादव, रामेश्वर कौशिक, अनिल वर्मा, राजा साहू, आशीष बघेल, केशव वर्मा को शामिल किया गया है।

## महानदी मुख्य नहर में छोड़ा गया है पानी

# कठवा फाल बना भेड़ाघाट, 15 फीट ऊंचाई से गिर रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैसा

छत्तीसगढ़ में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच जहां एक ओर जल संकट गहराता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गंगरेल बांध से छोड़ा गया पानी गांवों के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रहा।

महानदी मुख्य नहर के माध्यम से बहता यह जल सूखे तालाबों को भरने के साथ ही ग्रामीणों को गर्मी के बीच मानसून जैसी राहत का एहसास भी करा रहा है। नहरों में लबालब बहता पानी इन दिनों ऐसा दृश्य प्रस्तुत कर रहा है, मानो बरसात का मौसम समय से पहले ही आ गया हो।

यह दृश्य बिल्कुल भेड़ाघाट के प्रसिद्ध दूधिया घाट की याद दिलाता है। गिरते पानी की तेज धार चट्टानों से टकराकर सफेद, झागदार और गेजगेजा रूप ले लेती है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है मानो दूध की धारा बह रही हो। चिलचिलाती धूप के बीच इस सफेद चादर जैसे जलप्रपात को देखकर राहगीर और ग्रामीण मंत्रमुग्ध हो उठते हैं।



### कुकरा के कठवा फाल में दिखा अनोखा दृश्य

इधर खेत खलिहानों और गांवों के बीच बहती जलधारा नदी-नालों के उफान की याद ताजा कर रही है। इसी बीच कुकरा गांव के समीप एक अनोखा प्राकृतिक नजारा लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। गांव से लगभग एक किलोमीटर पहले स्थित कठवा फाल में जब नहर का पानी करीब 15 फीट की ऊंचाई से वेग के साथ नीचे गिरता है, तो वहां बनता दृश्य देखते ही बनता है।

### नहर का पानी बढ़ा रहा जलस्तर, पशुधन को राहत

कठवा फाल का यह "मिनी भेड़ाघाट" इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, जहां लोग पहुंचकर इस अद्भुत सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं। महानदी मुख्य नहर में बह रहा यह पानी केवल तालाबों की प्यास ही नहीं बुझा रहा, बल्कि आसपास के कुओं और बोरवेल का जलस्तर भी बढ़ा रहा है। इससे पशुधन को भी पर्याप्त पानी मिल रहा है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

### पर्यटन की संभावनाओं को मिल रहा बढ़ावा

गर्मी के इस कठिन दौर में जहां पानी की हर बूंद कीमती होती है, वहीं कुकरा के पास बहता यह दूधिया प्रपात न सिर्फ निस्तारी की समस्या का समाधान कर रहा है, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन जैसी संभावनाओं को भी जन्म दे रहा है।


भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की समस्त शहर एवं क्षेत्रवासीयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
भगवान परशुराम भवन में आयोजित समारोह में पधार रहे समस्त अतिथिगण का हार्दिक वंदन...अभिनंदन...
शस्त्र और शास्त्र के रक्षक, भगवान परशुराम की जय।
माननीया श्रीमती भावना बोहरा
विधायक
पंडरिया विधानसभा क्षेत्र
माननीय श्री प्रमोद शर्मा
पूर्व विधायक
बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र
माननीय श्री शैलेश नितिन त्रिवेदी
पूर्व अध्यक्ष
छ.ग. पाठ्य पुस्तक निगम
माननीय श्री श्याम शर्मा
सभापति
नगर निगम दुर्ग
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद भाटापारा
माननीय श्री ओमप्रकाश जोशी
प्रसिध्द कथावाचक
एवं पूर्व अध्यक्ष
न.पं. थान खम्हरिया
सत्यप्रकाश शर्मा
उत्कर्ष-[मिंटू]-शर्मा
विनीत - सत्यप्रकाश शर्मा, अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज तिल्दा नेवरा
दीपक शर्मा
पूर्व अध्यक्ष ब्राम्हण समाज


भगवान परशुराम जन्मोत्सव
की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आओ सब मनाएं परशुराम जन्मोत्सव,
लेकर प्रभु का नाम करें गुणगान,
मांगे आशीष श्री परशुराम जी से,
जप कर उनका नाम...
दीपक शर्मा
केदार शर्मा
विप्लव शर्मा


भगवान परशुराम जन्मोत्सव की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
सुरेश हार्डवेयर एवं सैनिटरी स्टोर्स
सुभाष चौक तिल्दा नेवरा
सुरेश स्टील एजेंसी रायपुर
शंकर शर्मा
महेश शर्मा
दिनेश शर्मा
सुमन शर्मा


तिरुपति ट्रांसपोर्ट तिल्दा नेवरा
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
भगवान परशुराम जन्मोत्सव
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रमेश शर्मा
मनीष शर्मा
सुमीत शर्मा
संदीप शर्मा
अमित शर्मा


भगवान परशुराम
ओम एक्सपोर्ट तिल्दा
जन्मोत्सव की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
"साहस और सत्य ही जीवन की असली ताकत है।"
"अधर्म का अंत और धर्म की विजय निश्चित है।"
कृष्णकांत मिश्रा [डब्बू भाई]
ओम मिश्रा
जय मिश्रा


श्रुति एंटरप्राइजेज नेवरा
सुशोभित मार्केटिंग नेवरा
भगवान परशुराम जन्मोत्सव
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
"जो धर्म के मार्ग पर चलता है, वही सच्चा विजेता होता है।"
सूरज नारायण शर्मा [बैजू]
नारायण शर्मा
शुभम शर्मा


भगवान परशुराम
जन्मोत्सव की
समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बजरंग लाल शर्मा
अवतार शर्मा
ललित शर्मा
संतोष शर्मा
यश शर्मा
अक्षित शर्मा
तनुज शर्मा
राजस्थान हार्डवेयर
छड़ सीमेंट के विक्रेता
गायत्री मंदिर रोड तिल्दा नेवरा


विष्णु भगवान के छठे अवतार
भगवान परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
सुरेश इंडस्ट्रीज
सिनोधा तिल्दा नेवरा
सुरेश शर्मा परिवार तिल्दा नेवरा


भगवान परशुराम
जन्मोत्सव की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
"शक्ति का सही उपयोग ही सच्ची वीरता है।"
विष्णु शर्मा
मन्नू शर्मा
मुरली विष्णु शर्मा


गौरव ट्रेडिंग बेमेतरा
समस्त क्षेत्रवासियों को
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विनय शर्मा
अध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन संघ
जिला बेमेतरा
राजू शर्मा


समस्त क्षेत्रवासियों को
ॐ ब्रह्मक्षत्राय विद्महे क्षत्रियान्ताय धीमहि तन्नो रामः प्रचोदयात्।।
ॐ जामदग्न्याय विद्महे महावीराय धीमहि तन्नो परशुरामः प्रचोदयात्।।
भगवान परशुराम
जन्मोत्सव की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हर्षवर्धन शर्मा
युवा कांग्रेसी नेता

## खबर संक्षेप



### अंबुजा विद्यापीठ में अभिभावक सत्र का आयोजन

**बलौदाबाजार।** अंबुजा विद्यापीठ रावन में नर्सरी से यूकेजी तक के नए बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए अभिभावक अभिविन्यास सत्र आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि हर बच्चा खास होता है। स्कूल का लक्ष्य सिर्फ पढ़ाई कराना नहीं, बल्कि बच्चों का अच्छा व्यक्तित्व बनाना भी है, ताकि वे आगे चलकर अच्छे नागरिक बन सकें। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई में स्कूल का साथ देने की अपील की। प्राचार्य ने पावर पॉइंट और आसान कहानियों के जरिए 'स्मार्ट लर्निंग' के बारे में भी समझाया।

### नपं में सीसी रोड के लिए भूमि पूजन



**लवन।** नगर पंचायत के वार्ड 1 में 3 लाख 10 हजार की लागत से बनने वाली सीसी रोड का नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान ने भूमि पूजन किया। इस अवसर नगर पंचायत उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू, वार्ड पार्षद भारत भूषण साहू, वार्ड 2 पार्षद नंदकुमार वर्मा सहित वार्डवासी मौजूद थे। नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान ने कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य नगर पंचायत की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि वार्डों में जहां सीसी रोड़ नहीं है, वहां निर्माण कर लोगों को कीचड़ और खराब रास्तों की समस्या से राहत दिलाना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपने 5 वर्षों के कार्यकाल के भीतर इस लक्ष्य को पूरा किया जाएगा।

### राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत निः शुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण



**लवन।** नगर के बाबा गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन में राष्ट्रीय आयुष मिशन द्वारा निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर जरूरतमंदों की जांच कर दवाई दी गई। आयुष स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉ. नेवदत्त एम पी डब्ल्यू, सहायक डॉ. त्रिलोक कुमार यादव ने मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर होम्योपैथिक दवाएं वितरित की। साथ ही रक्तचाप और शुगर की जांच भी की गई। इस कार्यक्रम में वार्ड 4 पार्षद प्रकाश ताम्रकार का विशेष योगदान रहा।

## निधन

### सरदारनी सतनाम कौर



**बलौदाबाजार।** नगर की सरदारनी सतनाम कौर का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में किया गया, जहां परिजन, रिश्तेदार एवं समाज के लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।
वे पूर्व प्राचार्य सरदार बलविंदर सिंह पनेसर की माताजी थीं।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के अनुभव से मजबूत होगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस अब अपने सेवानिवृत्त जांबाजों के वर्षों के अनुभव का उपयोग समाज की सुरक्षा और शांति व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए करने जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता की पहल पर शुक्रवार 17 अप्रैल को पुलिस कार्यालय में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के लिए एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस की सेवा से निवृत्त होने के बाद भी आप सभी विभाग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा अपने सेवाकाल के दौरान आपने जो अनुभव प्राप्त किया है, वह विभाग के लिए अत्यंत मूल्यवान है। यह बैठक आपसी सामंजस्य और परस्पर संवाद का एक जरिया है, ताकि आपके अनुभव को फिर से समाज की सुरक्षा से जोड़ा जा सके। बैठक के दौरान सेवानिवृत्त अधिकारियों को क्षेत्र में पुलिस के आंख और कान बनकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अब ये अनुभवी सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में एक सामान्य नागरिक के तौर पर आमजन के बीच रहते हुए अवैध कार्यों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाएंगे। स्थानीय स्तर पर संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी कर बीट पुलिसिंग को सशक्त बनाएंगे। किसी भी विकट स्थिति या सड़क दुर्घटना के दौरान पुलिस के सहयोगी के रूप में शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद करेंगे।

## एसपी भावना गुप्ता ने संवाद के जरिए सौंपी नई जिम्मेदारी



### सुरक्षित समाज के लिए पुलिस की अपील

जिला पुलिस ने इस पहल के माध्यम से आपकी सुरक्षा, हमारी जिम्मेदारी के संकल्प को दोहराया है। एसपी ने सभी से अपील की है कि वे अपने आसपास होने वाली किसी भी संदिग्ध घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इस समन्वय से न केवल अपराधों पर लगाम लगेगी, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता भी मजबूत होगा। सम्मेलन में उपस्थित सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी विभाग की इस पहल का स्वागत किया और समाज की बेहतरी के लिए अपना सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

## महिला बाल विकास ने बनाई जांच टीम, सूचना देने के लिए नंबर भी जारी किया

# बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की संभावना को मद्देनजर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार उत्तम प्रसाद जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन एक्शन मोड में है। सभी विभागों को रणनीति के साथ विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। लगातार निगरानी और सतर्कता के बाद इसमें कमी आई है। बाल विवाह की सूचना पर तत्काल बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, नजदीकी थाना प्रभारी, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 181 या आपातकालीन सेवा 112 पर जानकारी देने का अनुरोध किया गया है।

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जो बालिकाओं के सर्वांगीण, मानसिक और शिक्षा के विकास को प्रभावित करता है। रविवार को अक्षय तृतीया का पर्व है, जिसमें बहुत सारी शादियां होती हैं। प्रायः देखने को मिलता है कि बालक एवं बालिकाओं का उम्र कम होने पर भी शादियां की जाती हैं। लड़की की उम्र 18 वर्ष और लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होना विवाह के लिए अनिवार्य है।

कलेक्टर ने सभी जिलेवासियों से अपील की है कि बाल विवाह की कोई घटना उनकी जानकारी में आने पर वह प्रशासन, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, पुलिस थाना को सूचना दे ताकि जिले में बाल विवाह की घटना की रोकथाम करें और हम अपने जिले को बाल विवाह मुक्त जिला की ओर अग्रसर करें।

### जागरूकता अभियान और समाज प्रमुख से सहयोग की अपील



रविवार 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर विशेष सतर्कता बरतने एवं बाल विवाह प्रकरणों को रोकने महिला एवं बाल विकास विभाग ने टीम गठन किया है। गठित टीम जिलेभर में सक्रिय रहकर संदिग्ध विवाहों पर नजर रखेंगी तथा आवश्यकता अनुसार त्वरित कार्यवाही करेगी। विभाग के निर्देशों के बाद विभागीय अमला फील्ड में निगरानी कर रहा है। बाल विवाह में कमी लाने विभाग द्वारा विद्यालय, महाविद्यालय, पंचायत, नगरीय निकाय, धार्मिक स्थल स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। समाज प्रमुखों को बाल विवाह न होने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही समाज में बाल विवाह न हो इसके लिए सभी समाज प्रमुखों को अपने स्तर पर सामाजिक बैठक लेकर बाल विवाह रोकने में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जिले में सभी संबंधित विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सहयोग की अपील की है।

# भीषण गर्मी में भी नहीं रुकी शिक्षा की मुहिम, घर-घर पहुंच रहे शिक्षक



**बिलाईगढ़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परसापाली में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष संपर्क एवं प्रवेश अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 9 अप्रैल से प्रारंभ होकर निरंतर जारी है।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है, ताकि कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रह जाए। इस प्रयास से न केवल विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि शिक्षा के प्रति समाज में सकारात्मक माहौल भी बनेगा।

### शिक्षक घर-घर जाकर बढ़ा रहे नामांकन

इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय के शिक्षक भीषण गर्मी के बावजूद घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क कर रहे हैं। वे विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति की जानकारी लेने के साथ-साथ उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। विशेष रूप से कक्षा पहली में छोटे बच्चों के प्रवेश हेतु जागरूकता बढ़ाई जा रही है। साथ ही अन्य कक्षाओं में भी अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षक अभिभावकों को विद्यालय की सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई तथा उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं।

# सामुदायिक भवन और सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



**पलारी।** नगर पंचायत में कन्नौजिया सेन समाज, परिक्षेत्र बलौदाबाजार द्वारा प्रस्तावित वार्ड 15 में नवीन सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। इसमें समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने निर्माण कार्य की सफलता एवं समाज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में वार्ड 6 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, जिससे नगरवासियों को आवागमन में सुविधा और विकास को नई गति मिलेगी।

### ये हुए शामिल

उक्त कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू के सान्निध्य में आयोजित किया गया, जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा सहित सभापति लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे, सभापति प्रतिनिधि घनश्याम धीरहे, पार्षद नारायण धीवर, सुभाष वर्मा, भूषण ठेठवार, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत निषाद, ताजेंद्र कनोजे, राजेंद्र साहू, राजपुरोहित राहुल पांडेय सहित कनौजिया सेन समाज परिक्षेत्र बलौदाबाजार के अध्यक्ष रामकुमार सेन, लेखराम सेन, रामकुमार सेन, भूपेंद्र सेन, भारत सेन, भारत सेन, शिवकुमार सेन, रूपेंद्र सेन, अजय सेन, विष्णु सेन, कुम्भकरन सेन, रूपराम सेन, टिकेश्वर सेन, प्रकाश सेन, दीपक सेन, नरेंद्र सेन सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# वेदांता हादसे में कांग्रेस ने लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने सक्ती जिले के वेदांता पॉवर प्लांट में हुए हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए इसे प्रबंधन की खुली लापरवाही करार दिया है। श्री अली ने इस घटना में जान गंवाने वाले श्रमिक भाइयों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह केवल एक दुर्घटना नही बल्कि मजदूरों की जान के साथ किया गया करुर खिलवाड़ है। अली ने कहा कि सक्ति के वेदांता प्लांट मुनाफे की अंधी दौड़ का नतीजा है। बार बार हो रहें ऐसे हादसों से स्पष्ट है कि सरकार और श्रम विभाग केवल मुकदर्शक बने हुए हैं। क्या मजदूरों की जान की कोई कीमत नही है? उन्होंने आगे कहा कि प्लांट में न तो पर्याप्त सुरक्षा ऑडिट कराया जाता है और न ही बिना ट्रेनिंग वाले मजदूरों की भर्ती पर कोई रोक है। शासन-प्रशासन की चुप्पी यह संकेत देती है कि उन्हें मजदूरों के पसीने और खुन से कोई सरोकार नही है। प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर उक्त मांगे पुरी नहीं की गई तो अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। श्री अली ने दो टुक शब्दों में कहा कि मजदूरों की सुरक्षा और उनके अधिकारियों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हादसे में जान गवाने वाले मजदूरों को एक एक करोड़ रुपये और घायलों को 50 लाख की सहायता दे प्लांट प्रबंधन। साथ ही दोषी प्रबंधन पर गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज हो अन्यथा होगा उग्र आंदोलन।



# अम्बेडकर जयंती पर भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बाबासाहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई।संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू उपस्थित रहीं। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के विचारों, संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान तथा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने महिलाओं के अधिकारों के लिए भी महत्वपूर्ण प्रयास किए और समाज में समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया।

■ सामाजिक समरसता का दिया संदेश

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों को अपनाने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। संगोष्ठी के माध्यम से सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे के संदेश को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।

स्वागत भाषण में जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि बाबा साहेब के आदर्श आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और उनके सिद्धांतों को अपनाकर ही समाज में वास्तविक समानता और भाईचारा स्थापित किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता वर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय राव, शहर अध्यक्ष राकेश ध्रुव, प्रदेश सह संयोजक टेसू लाल धुरंधर, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेई, रजनी केशरवानी, रीटा केशरी, केजू राम बघेल, अनुसूचित जाति समाज जिला अध्यक्ष चरण दास, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रणम पाण्डे, युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष तरुण वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### मारपीट के आरोप...

हुए घटना स्थल के आसपास मौजूद स्वतंत्र गवाहों, प्रार्थी एवं उसके परिवारजनों से पूछताछ के आधार पर आरोपी 27 वर्षीय प्रमोद कुमार धृतलहरे को हिरासत में लिया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर प्रार्थी एवं उसके परिवार वालों के साथ मारपीट करना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों के संबंध में सरगर्मी से पता तलाशी जारी है। प्रकरण विवेचना में है।

### राशन दुकान संचालक...

से राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है। संचालक द्वारा कई हितग्राहियों को यह कहकर लौटा दिया जाता है कि उनका ई-केवायसी पूर्ण नहीं हुआ है, जबकि ग्रामीणों का दावा है कि उन सभी का केवायसी पहले ही हो चुका है। इस झूठे बहानेबाजी के कारण गरीब परिवारों को अपने हक के अनाज के लिए भटकना पड़ रहा है।

**पंचायत भवन में अवैध रूप से राशन डंप करने की शिकायतः** शिकायत में एक और गंभीर मुद्दा पंचायत भवन के दुरुपयोग का उठाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि दुकान संचालक ने बिना किसी अनुमति के पंचायत भवन में राशन डंप कर रखा है। पंचायत पदाधिकारियों द्वारा बार-बार भवन खाली करने के निर्देश दिए जाने के बावजूद संचालक अपनी मनमानी पर उतारू है और भवन खाली नहीं कर रहा है। संचालक के इस अड़ियल रवैये से पंचायत के कार्यों में भी बाधा आ रही है। शिकायत करने वालों में सरपंच मेघनाथ लहरे, मंगल दास, चोवाराम यादव, अमरनाथ यादव, सुधारी सतनामी, झड़ी राम निषाद और राम प्यारा सतनामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जगणना के द्वितीय ...

भवन संख्या तथा नजरी नक्शा के संबंध में विस्तार से बताया गया और इस प्रशिक्षण में प्रगणकशिक्षक जितेंद्र वर्मा, विशेश्वर वर्मा, चरित्र ध्रुव ,संजय बानसूर ,कैलाश बघेल, संतोष देवांगन आदि एवं पर्यवेक्षकों में पटवारी हरीश पक्षीराज सुरेंद्र बंजारे आदि प्रज्ञा को एवं पर्यवेक्षकों ने भाग लिया।

### भाजयुमो की नई...

अंजय श्रीवास एवं सह प्रमुख भोला वर्मा, चंद्रमणि वर्मा बनाए गए हैं।मीडिया प्रभारी कामेश वर्मा तथा सह प्रभारी नीरज नायक नियुक्त हुए हैं। सोशल मीडिया प्रभारी चंद्रराम साहू एवं सह प्रभारी सोमेश जायसवाल बनाए गए हैं। नीति एवं अनुसंधान प्रमुख सुमित वर्मा, प्रमोद (मोदी) निषाद, शासकीय योजना स्वाध्याय मंडल प्रमुख भीष्म कश्यप एवं सह प्रमुख गोविंद वर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधि एवं तकनीकी प्रमुख अभिषेक मिश्रा, खेल एवं कला प्रमुख अभिजीत श्रीवास, अगेश्वर ध्रुव, आईटी सेल प्रभारी अमित वर्मा एवं सह प्रभारी कुशल वर्मा बनाए गए हैं। कन्या शक्ति संयोजिका लीना साहू तथा सह संयोजिका निशा जायसवाल, हेमलता साहू, पायल साहू, पूनम निषाद, सुमन कुर्रे नियुक्त की गई हैं। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। नई कार्यकारिणी से संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण





**गोपालपुर।** ग्राम केनापाली में बाबा साहेब का प्रतिमा अनावरण दाऊ राम रत्नाकर पूर्व विधायक पामगढ़ व केंद्रीय प्रभारी उड़ीसा बसपा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।





समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार भाटा. छ.ग.

मैं रिशीराम पटेल उम्र 39 साल, पिता दिनाराम पटेल जाति मरार निवासी कारी तहसील लवन जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) ....... शपथकर्ता

**शपथ-पत्र**

मैं शपथकर्ता शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ :-

1. यह कि मेरा आधार कार्ड क्रमांक 7547 2353 4021 है जिसमें मेरा नाम रिशीराम पटेल (RISHIRAM PATEL) एवं पेन कार्ड नं. DCLPP0287E है जिसमें मेरा नाम (RISHIRAM PATEL) दर्ज हैं।
2. यह कि मेरे नाम पर LIC में एक पॉलिसी है जिसका पॉलिसी क्रमांक 383453215 है। जिसका पॉलिसी दिनांक 28.01.2005 है। उक्त पॉलिसी में मेरा नाम RIKHI KUMAR PATEL दर्ज हैं।
3. यह कि मेरे नाम पर बैंक ऑफ इण्डिया शाखा बलौदाबाजार में खाता खुला हुआ है जिसका खाता क्रमांक 934010510002059 है। जिसका ifsc code BKID0009340 उक्त खाता में मेरा नाम (RISHI RAM PATEL) दर्ज है।
4. यह कि रिशीराम पटेल (RISHIRAM PATEL) एवं RIKHI KUMAR PATEL ये दोनों नाम मेरा ही नाम है अर्थात एक का नाम है तथा दोनों नामों से जाना एवं पहचानी जाता हूँ।
5. यह कि उक्त शपथपत्र संबंधित अधिकारी के समक्ष दोनों नामों के समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा
6. यह कि मेरे द्वारा उपरोक्त दी गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरे ऊपर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा ।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती /करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 मे उल्लेखित कथन मेरी जानकारी मे सत्य एवं सही है ।

सत्यापनकर्ता

दिनांक 03/06/2025









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130





